# बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

उपाधि फारमेट प्रदाय की द्वितीय ई–निविदा – वर्ष 2020

2020

क्रमांकः 97 /भण्डार/2020

भोपाल, दिनांकः 16-3-2020

**उपाधि फारमेट प्रदाय की द्वितीय ई–निविदा वर्ष–2020**

बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल के छात्रों को प्रदान की जाने वाली **उपाधि हेतु उपाधि फारमेट क्रय की आनलाईन द्वितीय ई–निविदा वर्ष–2020** आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र, शर्ते, विस्तृत जानकारी तथा निविदा में भाग लेने हेतु साईट **https://mptenders.gov.in** पर विजिट करें।

निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपये 1000=00 (रूपये एक हजार मात्र) तथा निविदा प्रतिभूति राशि रू. 20,000=00 हैं। इसे ऑन–लाईन जमा किया जाना हैं।

निविदा का अनुमानित मूल्य रूपये 10,00,000=00 (रूपये दस लाख मात्र) है। निविदा में किसी प्रकार का संशोधन होने की स्थिति में संशोधन की जानकारी वेबसाईट पर दी जाएगी। निविदा जमा एवं खोलने सम्बन्धी विवरण निम्नानुसार है:–

| सं. क्रं. | विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 01 | Published Date | 16-3-2020 5-40PM | |
| 02 | Document Download/Sale Start Date | 16-3-2020 5-45PM | निविदा आन लाईन प्रस्तुत करने तथा खोलने का समय वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर दर्शित है। |
| 03 | Bid Submission Start Date | 16-3-2020 5-50PM | |
| 04 | Document Download/Sale End Date | 31-3-2020 3PM | |
| 05 | Bid Submission End Date | 31-3-2020 3PM | |
| 06 | Bid Opening Date | 1-4-2020 3-30PM | |

निविदा सम्बन्धी सामान्य जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाईट **www.bubhopal.ac.in** पर भी अवलोकनार्थ उपलब्ध हैं।

अनुभाग अधिकारी (भण्डार)
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

(डॉ. बी. भारती)
कुलसचिव

## भाग – 1 निविदा आवेदन एवं प्रक्रिया संबंधी जानकारी

1.1 निविदा प्रपत्र **https://mptenders.gov.in** से डाउनलोड करें। निविदा सम्बन्धी जानकारी बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल की वेब साइट **www.bubhopal.ac.in** पर भी अवलोकनार्थ उपलब्ध हैं।

1.2 यह निविदा बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल के छात्रों को प्रदान की जाने वाली उपाधि फारमेट प्रदाय हेतु आमंत्रित की जा रही हैं।

1.3 उपाधि फारमेट प्रदाय की निविदा को वेब-साईट **https://www.mptenders.gov.in** पर ऑन-लाईन पद्धति से प्रस्तुत किया जाना हैं। निविदा में किसी प्रकार का संशोधन होने की स्थिति में संशोधन की जानकारी वेब-साईट पर दी जावेगी। निविदा का अनुमानित मूल्य रू.10,00,000 (रूपये दस लाख मात्र) हैं।

1.4 निविदा आन-लाईन प्रस्तुत करने तथा खोलने का विवरण निम्नानुसार है:-

| सं. क्रं. | विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 01 | Published Date | 16-3-2020 5-40PM | निविदा आन लाईन प्रस्तुत करने तथा खोलने का समय वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर दर्शित है। |
| 02 | Document Download/Sale Start Date | 16-3-2020 5-45PM | |
| 03 | Bid Submission Start Date | 16-3-2020 5-50PM | |
| 04 | Document Download/Sale End Date | 31-3-2020 3PM | |
| 05 | Bid Submission End Date | 31-3-2020 3PM | |
| 06 | Bid Opening Date | 1-4-2020 3-30PM | |

1.5 यदि निविदा खुलने की तिथि को अपरिहार्य कारणों से निविदा खोली नहीं जा सकती है तो निविदाएं आगामी कार्यदिवस पर दोपहर 3:30 बजे खोली जावेगी।

1.6 **प्रक्रिया-1**: निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपये 1000-00 (रूपये एक हजार मात्र) हैं। निविदा प्रतिभूति राशि रूपये.20,000(रूपये बीस हजार मात्र) हैं। इन्हें ऑन लाईन जमा किया जाना हैं। जमा की गई दोनों रसीदों को निविदा के साथ अपलोड करना है।
उपरोक्तानुसार निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं निविदा प्रतिभूति राशि प्राप्त होने पर ही फर्म को प्रक्रिया-2 के लिए योग्य माना जायेगा।

प्रभारी अधिकारी (भण्डार)
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

1.7 **<u>प्रक्रिया–2</u>**: तत्पश्चात उपरोक्त प्रक्रिया 1 में योग्य पायी जाने वाली फर्म की ही तकनिकी निविदा खोली जावेगी। तकनिकी निविदा के **भाग–2** में दर्शित दस्तावेज स्केन कर अपलोड किये जाने हैं।

1.8 **<u>प्रक्रिया–3</u>**: तत्पश्चात उपरोक्त प्रक्रिया 2 में योग्य पायी जाने वाली फर्मो की ही वित्तीय निविदा खोली जावेगी। वित्तीय निविदा को ऑन लाईन प्रस्तुत किया जाना हैं।

अनुभाग अधिकारी (भण्डार)
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

# भाग – 2 निविदा की अर्हकारी शर्तें

2.1 **अनुभवः-** फर्म द्वारा पिछले तीन वित्तीय वर्षो (2018-19, 2017-18, 2016-17) में मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयो/शैक्षणिक संस्थाओं में उपाधि प्रदाय का कार्य किया गया हो। सम्बन्धित संस्था का कार्य आदेश /प्रमाण पत्र प्रमाण स्वरूप ऑन-लाईन पद्धति से प्रस्तुत करें।

2.2 **टर्न ओवरः-** पिछले तीन वित्तीय वर्षो (2017-18, 2016-17, 2015-16) में रू. 30-00 लाख टर्न ओवर प्रत्येक वर्ष में होना अनिवार्य हैं। फर्म के टर्न ओवर की चार्टेड एकाउंटेंट से प्रमाणित प्रतिलिपि ऑन-लाईन पद्धति से प्रस्तुत करें।

2.3 **बेलेन्सशीटः-** पिछले तीन वित्तीय वर्षो (2017-18, 2016-17, 2015-16) की बेलेन्सशीट तथा अंकेक्षित लेखा ऑन-लाईन पद्धति से प्रस्तुत करें।

2.4 **इनकम टैक्सः-** विगत तीन असेसमेंट वर्षो (2017-18, 2016-17, 2015-16) का इनकम टैक्स प्रमाण पत्र (ITR) की प्रति ऑन-लाईन पद्धति से प्रस्तुत करें।

2.5 **ब्लेक लिस्टः-** निविदा में भाग लेने वाली फर्म किसी भी शासकीय संस्था से कभी भी ब्लेक लिस्ट नहीं होना चाहिए। इस बाबत निविदाकर्ता फर्म को शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है जो रू.100=00 के स्टाम्प पेपर पर नोटरी द्वारा सत्यापित कर विधिवत प्रस्तुत किया जाय। शपथ पत्र का प्रारूप संलग्न हैं। शपथ पत्र की प्रति ऑन-लाईन पद्धति से प्रस्तुत करें।

2.6 **प्रमाण पत्रः-** संस्था/फर्म/कम्पनी का

(क) जी0एस0टी0 (GST) नंबर की प्रति ऑन-लाईन पद्धति से भी प्रस्तुत करें।
(ख) आयकर (PAN) नंबर की प्रति ऑन-लाईन पद्धति से भी प्रस्तुत करें।
(घ) वैध रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र की प्रति ऑन-लाईन पद्धति से भी प्रस्तुत करें।
(ड.) डिग्री प्रिन्टिंग का ISO 9001:2015 प्रमाण पत्र संलग्न होना चाहिए।

2.7 **निर्धारित प्रपत्रः-** निविदा केवल निर्धारित प्रपत्र में ही स्वीकार की जावेगी। निविदा प्रपत्र का मूल्य वापसी योग्य नहीं हैं।

2.9 **सेम्पलः-** निविदाकर्ता को निविदा के साथ निम्नानुसार सेम्पल का एक पृष्ठ प्रस्तुत करना अनिवार्य हैं:-

(i) 300 जी0एस0एम0 हेण्डमेड पेपर वेट पद्धति से बना हुआ डिग्री फारमेट।

उक्तानुसार सेम्पल डाक अथवा पत्र वाहक से उपकुलसचिव (भण्डार), बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, होशंगाबाद रोड, भोपाल-462026 के पते पर निविदा जमा करने की अंतिम तिथी सायं 5:00 तक निश्चित रूप से पहुँच जाना चाहिए।

अनुभाग अधिकारी (भण्डार)
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

# भाग – 3 निविदा की अन्य शर्तें

**3.1 निविदाएं निरस्तः–**

3.11 निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त होने वाली निविदाओं पर किसी भी परिस्थिति में विचार नहीं किया जावेगा।

3.12 विश्वविद्यालय द्वारा चाही गयी निविदा प्रतिभूति एवं अन्य आवश्यक विवरण एवं जानकारियों के अभाव में प्राप्त निविदाएं निरस्त मानी जावेगी।

**3.2 अनुबंधः–**

3.21 कार्य आदेश के पूर्व सफल निविदाकर्ता को अनुमानित निविदा की 5 प्रतिशत राशि की निष्पादन प्रतिभूति (Performance Guarantee) एफ0डी0आर0, कुलसचिव, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल के पक्ष में अनिवार्य रूप से जमा करना होगा। साथ ही एक अनुबंध पत्र पर हस्ताक्षर करना होगा। अनुबंध की शर्तों के उल्लंघन पर निष्पादन प्रतिभूति (Performance Guarantee) को राजसात कर उसका नकदीकरण किया जा सकेगा। यह निष्पादन प्रतिभूति सुरक्षा निधि के अतिरिक्त जमा करना होगा। एफ.डी.आर. पर प्राप्त ब्याज फर्म को देय होगा।

3.22 पात्र पाई गयी संस्था से प्रथमतः एक वर्ष के लिए अनुबंध किया जाएगा।

3.23 विश्वविद्यालय द्वारा फर्म की कार्य क्षमता एवं गुणवत्ता को देखते हुए, अनुबंध की अवधि को आपसी सहमति से अधिकतम 3 वर्ष तक (एक बार में एक वर्ष) के लिए बढ़ाया भी जा सकता हैं।

3.24 दोनों पक्षों में से यदि कोई भी पक्ष निविदा समाप्त करना चाहता है तो उसे न्यूनतम 03 माह की पूर्व सूचना देना आवश्यक हैं।

**3.3 निविदाकर्ता फर्म की जिम्मेदारीः–**

3.31 उपाधि फारमेट प्रदाय स्वीकृत स्पेसिफिकेशन के अनुसार कार्य पूर्ण कर प्रदान करने पर ही स्वीकार की जावेगी। आदेशित सामग्री स्पेसिफिकेशन के अनुरूप न होने या निर्धारित गुणवत्ता से कम होने पर निविदादाता को उनके व्यय पर वापस की जाएगी।

3.32 उपाधि फारमेट प्रदाय में लगने वाले कागज एवं अन्य सामग्रियों की व्यवस्था निविदाकर्ता फर्म द्वारा की जाएगी।

3.33 उपाधि फारमेट प्रदाय की दरें F.O.R. बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल होगी।

**3.4 वित्त संबंधीः–**

3.51 दरें कर रहित (Without tax) होगी। यदि कर लागू हो तो उसका अलग से कर की दर सहित उल्लेख करें। इसकी जानकारी निविदा प्रपत्र में देवें।

3.52 आपूर्तिकर्ता द्वारा प्रस्तुत किये गये देयकों के भुगतान पर जी.एस.टी. का भुगतान फर्म को किया जावेगा। टी0डी0एस0 कटौति विश्वविद्यालय द्वारा की जावेगी।

**3.6 दण्ड अधिरोपणः–**

**3.61 कार्य सन्तोषजनक न होनाः–** कार्य सन्तोषजनक न होने या निविदाकर्ता द्वारा शर्तों का पालन नहीं करने की स्थिति में निविदाकर्ता का आदेश बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल द्वारा किसी भी समय बिना किसी पूर्व सूचना के निरस्त किया जा सकता है एवं धरोहर राशि जब्त की जावेगी। इसमें जो भी आर्थिक हानि होगी उसकी वसूली स्वीकृत निविदाकर्ता से की जावेगी। ऐसी परिस्थिति में भुगतान से कटौति का अधिकार कुलपति, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल के विवेकाधिकार पर सुरक्षित रहेगा।

अनुभाग अधिकारी (भण्डार)
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

3.62 सामग्री में त्रुटिः–
(i) 0 से 10 जी.एस.एम. की कमी तक कोई कटौति नहीं की जावेगी।
(ii) 10 से 12 जी.एस.एम. की कमी तक बिल की राशि का 1% की कटौति की जावेगी।
(iii) 12 से 14 जी.एस.एम. की कमी तक बिल की राशि का 2% की कटौति की जावेगी।
(iv) 14 से 16 जी.एस.एम. की कमी तक बिल की राशि का 3% की कटौति की जावेगी।
इससे अधिक जी.एस.एम. की कमी पर इसी अनुपात में कटौति की जावेगी। आवश्यकता पड़ने पर कागज के मानक IS 1848:2007 की शर्ते मान्य होगी। जी.एस.एम. परीक्षण में लगने वाला व्यय निविदा में सफल फर्म को वहन करना होगा।

3.63 विलम्बः– विश्वविद्यालय द्वारा दिए गए आदेश की तिथि के 30 दिवस के अन्दर निविदा में सफल फर्म को उपाधि फारमेट प्रदाय करना होगा। यदि उपाधि फारमेट प्रदाय समय सीमा में पूर्ण नहीं किया जाता है तो निम्नानुसार प्रस्तुत बिल से कटौति की जावेगीः–

| | | |
|---|---|---|
| (i) | 10 दिवस विलम्ब | बिल की 2% राशि की कटौति की जावेगी। |
| (ii) | 10 से 20 दिवस के विलम्ब | बिल की 4% राशि की कटौति की जावेगी। |
| (iii) | 20 दिवस से अधिक विलम्ब | बिल की 6% राशि की कटौति की जावेगी। |

**3.65 निविदा निष्पादित करने में असफल होनाः**–यदि एक बार सफल निविदाकर्ता को विश्वविद्यालय द्वारा उपाधि मुद्रण, प्रदाय एवं प्रोसेसिंग का प्रस्ताव दिया है एवं संबंधित निविदाकर्ता अपने निविदा निष्पादित करने में असफल होता है अथवा निविदा वापस लेना चाहता है तो ऐसी दशा में उनके द्वारा जमा की गई निष्पादन प्रतिभूति (Performance Gurantee) राशि विश्वविद्यालय द्वारा जब्त कर ली जावेगी।

**3.66 निविदाकर्ता द्वारा दी गई जानकारी एवं प्रमाण पत्रों के गलत पाये जाने परः**– निविदाकर्ता एजेन्सी द्वारा दी गई जानकारी एवं प्रमाण पत्रों के गलत पाये जाने पर निविदाकर्ता ऐजेन्सी के विरूद्ध विश्वविद्यालय द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी तथा उनके द्वारा जमा की गई सुरक्षा निधि राशि राजसात कर ली जावेगी।

**3.67 अन्य शर्तो का पालन न करनाः**–उक्त बिन्दुओं के अतिरिक्त निविदा की शर्तो का पालन न करने पर कटौति का अधिकार विश्वविद्यालय के पास सुरक्षित रहेगा।

3.7 मान्य नहीं होने परः–

3.71 जो निविदा मान्य नहीं होगी उनकी सुरक्षा निधि राशि लौटा दी जावेगी।

3.72 स्वीकृत/अस्वीकृत निविदा के साथ जमा की गई सुरक्षा निधि पर कोई ब्याज देय नहीं होगा तथा स्वीकृत निविदा के साथ जमा निष्पादन प्रतिभूति (Performance Gurantee-FDR) राशि पर जो ब्याज देय होगा वह फर्म को देय होगा।

**3.8 कुलपति / बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के विशेषाधिकार :–**

3.81 निविदाकारों द्वारा दी गई वित्तीय दर समान होने पर विश्वविद्यालय स्व विवेक से पैरामीटर / प्रक्रिया निर्धारित कर सफल निविदाकर्ता के निर्धारण हेतु निर्णय लेने के लिए अधिकृत होगी। इस संबंध में किसी का दावा आपत्ति मान्य नहीं होगी।

3.82 निविदा प्रक्रिया के संबंध में किसी भी प्रकार की व्याख्या (Interpretation)का प्रश्न उपस्थित होने पर कुलपति बरकतउल्ला विश्वविद्यालय का निर्णय अंतिम होगा।

3.83 बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल के पास किसी निविदा अथवा समस्त निविदाओं को पूर्ण या आंशिक रूप से किसी भी स्तर पर स्वीकृत/अस्वीकृत/निरस्त करने के सभी अधिकार सुरक्षित है।

3.84 निविदाकर्ता तथा विश्वविद्यालय के मध्य कोई विवाद अथवा भ्रम की स्थिति उत्पन्न होने पर बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल का निर्णय अंतिम होगा जो दोनो पक्षों का मान्य होगा।

अनुभाग अधिकारी (प्रभार)
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

3.85 निविदा विषयक विवाद में Sole Arbitrator कुलपति, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल होंगे।

3.86 न्यायालयीन विवाद की स्थिति में क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय होगा।

अनुभाग अधिकारी (भण्डार)
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

## भाग – 4 उपाधि फारमेट का विवरण एवं कागज का स्पेसिफिकेशन

### 4.1 हेण्डमेड पेपर उपाधि फारमेट खाली डिग्री फारमेट

- उपाधि का साईज 10½"X14½" होना चाहिए।
- उपाधि का कागज 300 जी.एस.एम. हैण्डमेड वेट–पद्धति से बना होना चाहिए।
- "बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल" हार्ड स्टेपिंग नीला बैनर होना चाहिए।
- "BARKATULLAH VISHWAVIDYALAYA, BHOPAL" अंग्रेजी में रेड कलर बैनर होना चाहिए।
- बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल का मोनो हार्डस्टेपिंग होना चाहिए।
- अल्ट्रा वाटर मार्का : कागज के पृष्ठ भाग पर अल्ट्रावाइलेट मोनो फिमेल होना चाहिए।
- टिन्ट बेस–अल्ट्रावाइलेट होना चाहिए।
- करेन्सी लेयर होना चाहिए।
- करेन्सी कोट फिमेल होना चाहिए।
- होलोग्राम थ्री डी होना चाहिए।
- प्रत्येक डिग्री कागज में नम्बरिंग होना चाहिए।
- डिग्री के पृष्ठ भाग में चेकिंग बाक्स होना चाहिए तथा थ्री डी होलोग्राम होना चाहिए।
- डिग्री के पृष्ठ भाग पर मोनो थर्मोक्रोमिक इंक से प्रिन्ट रहेगा इसे मिटाने पर पुनः उसी स्वरूप में हो जायेगा।
- डिग्री को स्केन करने अथवा फोटोकापी करने पर हूबहू फोटोकापी नहीं होना चाहिए । (B/W को छोड़कर)

अनुभाग अधिकारी (भण्डार)
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

## भाग – 5 दस्तावेजों (फर्म की सील एवं हस्ताक्षर सहित) की स्केन कापी अपलोड की जाना हैं।

| सं0क्रं0 | विवरण |
|---|---|
| 01 | निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपये 1000=00 जमा की रसीद |
| 02 | निविदा प्रतिभूति राशि रूपये 20,000=00 जमा की रसीद |
| 03 | **अनुभवः–** फर्म द्वारा पिछले तीन वित्तीय वर्षो (2018–19, 2017–18, 2016–17) में मान्यता विश्वविद्यालयो/शैक्षणिक संस्थाओं में उपाधि प्रदाय का कार्य किया गया हो। सम्बन्धित संस्था का कार्य आदेश /प्रमाण पत्र प्रमाण स्वरूप ऑन–लाईन पद्धति से प्रस्तुत करें। |
| 04 | **टर्न ओवरः–** पिछले तीन वित्तीय वर्षो (2017–18, 2016–17, 2015–16) में रू. 30–00 लाख का टर्न ओवर प्रत्येक वर्ष में होना अनिवार्य हैं। फर्म के टर्न ओवर की चार्टेड एकाउंटेंट से प्रमाणित प्रतिलिपि ऑन–लाईन पद्धति से प्रस्तुत करें। |
| 05 | **बेलेन्सशीटः–** पिछले तीन वित्तीय वर्षो (2017–18, 2016–17, 2015–16) की बेलेन्सशीट तथा अंकेक्षित लेखा ऑन–लाईन पद्धति से प्रस्तुत करें। |
| 06 | **इनकम टैक्सः–** विगत तीन असेसमेंट वर्षो (2017–18, 2016–17, 2015–16) का इनकम टैक्स प्रमाण पत्र (ITR) की प्रति ऑन–लाईन पद्धति से प्रस्तुत करें। |
| 07 | **ब्लेक लिस्टः–** निविदा में भाग लेने वाली फर्म किसी भी शासकीय संस्था से कभी भी ब्लेक लिस्ट नहीं होना चाहिए। इस बाबत निविदाकर्ता फर्म को शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है जो रू0 100=00 के स्टाम्प पेपर पर नोटरी द्वारा सत्यापित कर विधिवत प्रस्तुत किया जाय। शपथ पत्र का प्रारूप संलग्न हैं। शपथ पत्र की प्रति ऑन–लाईन पद्धति से प्रस्तुत करें। |
| 08 | जी0एस0टी0 (GST) नंबर की प्रति ऑन–लाईन पद्धति से भी प्रस्तुत करें। |
| 09 | आयकर (PAN) नंबर की प्रति ऑन–लाईन पद्धति से भी प्रस्तुत करें। |
| 10 | डिग्री प्रिन्टिग का ISO 9001:2015 प्रमाण पत्र संलग्न होना चाहिए |
| 11 | वैध रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र की प्रति ऑन–लाईन पद्धति से भी प्रस्तुत करें। |
| 12 | निविदा प्रपत्र ए–2 |

अनुभाग अधिकारी (भण्डार)
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

| प्रपत्र ए–1 | शपथ पत्र नोटरी से सत्यापित रू. 100/– के स्टाम्प पेपर पर |
|---|---|

मैं————————————द्वारा प्रोपराईटर मेसर्स————————————

निम्नलिखित कथन शपथ लेकर कहता हूँ कि:–

(1) यह कि फर्म को किसी भी शासकीय संस्था / उपक्रम से कभी भी ब्लैक लिस्टेड नहीं किया गया हैं।

(2) यह कि फर्म का उपाधि फारमेट प्रदाय सम्बन्धी में कोई कानूनी विवाद न्यायालय में लम्बित नहीं हैं।

(3) यह कि फर्म पर किसी शासकीय संस्था/उपक्रम की देनदारी शेष नहीं हैं।

(4) यह कि निविदा में प्रस्तुत अथवा शपथ पत्र में पाई गई जानकारी असत्य पाये जाने पर मेरी निविदा को निरस्त करने का अधिकार बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल को होगा।

शपथग्रहिता

## सत्यापन

मैं उपरोक्त शपथग्रहिता सत्यापित करता हूँ कि मेरे द्वारा निष्पादित उक्त शपथ पत्र के बिन्दु (1) से (4) में वर्णित कथन मेरे निजी ज्ञान व विश्वास अनुसार पूर्ण सत्य हैं।

शपथग्रहिता

अनुभाग अधिकारी (भण्डार)
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

| | |
|---|---|
| **बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल**<br>उपाधि फारमेट प्रदाय की द्वितीय ई–निविदा – वर्ष 2020 | 2020 |

| प्रपत्र ए–2 | ( निविदा प्रपत्र) |
|---|---|

प्रति,

कुलसचिव,
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

विषयः– उपाधि फारमेट प्रदाय हेतु द्वितीय ई–निविदा वर्ष 2020 बाबत।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि हमारी संस्था की जानकारी निम्नानुसार हैः–

| सं0 क्रं0 | विवरण | |
|---|---|---|
| 01 | फर्म का नाम | |
| 02 | पत्र व्यवहार का पता | |
| 03 | फर्म के प्रतिनिधि का नाम | |
| 04 | पदनाम | |
| 05 | दूरभाष नम्बर/ई मेल (मोबाईल एवं लेन्डलाईन) | |

## प्रमाण–पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि निविदा के भाग "1", "2", "3" "4" में दर्शित शर्तों के अनुसार विश्वविद्यालय के उपाधि फारमेट प्रदाय हेतु द्वितीय ई–निविदा वर्ष–2020 को पूर्णतः करने को अपनी सहमति प्रदान करते हैं।

फर्म के अधिकृत हस्ताक्षर एवं सील

अनुभाग अधिकारी (भण्डार)
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

# बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

| प्रपत्र ए–3 | वित्तीय निविदा |
|---|---|

| फर्म का नाम | |
|---|---|

| सं.क्रं | उपाधि का साईज एवं स्पेसिफिकेशन निविदा में दिए विवरण अनुसार | दर (रूपये प्रति नग अंको में) | दर (रूपये प्रति नग शब्दों में) |
|---|---|---|---|
| 1 | हेण्डमेड पेपर पर उपाधि फारमेट | | |

नोट :– दर बगैर कर की अंकित की जाये। कर यदि लागू हो उसका विवरण अलग से देवें।

| | |
|---|---|
| कर का नाम एवं दर | |
| कर का नाम एवं दर | |
| कर का नाम एवं दर | |
| कर का नाम एवं दर | |

अनुभाग अधिकारी (प्रभार)
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल